प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 114/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (सातवां संशोधन) विनियम, 2018 को लागू करना

नई दिल्ली, 8 नवंबर, 2019 – दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (सातवां संशोधन) विनियम, 2018 को लागू करना।

2. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 13 दिसंबर 2018 को दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (सातवां संशोधन) विनियम, 2018 (2018 का 9) जारी किया है। इन विनियमों और बाद की अधिसूचनाओं के अनुसार, संशोधित मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) प्रक्रिया को 11 नवंबर, 2019 से लागू किया जाना है।

3. मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी सेवा प्रदाताओं (एमएनपीएसपी) और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ 21 अक्टूबर 2019 और 31 अक्टूबर 2019 को हुई बैठकों के दौरान हुई चर्चा के अनुसार, यह जरूरी है कि नई प्रक्रिया को अपनाने से पहले विस्तृत परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया जाए ताकि प्रणाली संबंधी किसी समस्या के कारण उपभोक्ताओं को असुविधा न हों। हालांकि, यह देखा गया कि अधिक लंबी परीक्षण प्रक्रिया के कारण पिछली समयसीमाओं का पालन नहीं किया जा सका था।

4. तदनुसार, 4 नवंबर, 2019 की प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सूचित किया गया था कि दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (सातवां संशोधन) विनियम, 2018 को लागू करने की तिथि को स्थगित की जाती है। दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (सातवां संशोधन) विनियम, 2018 को लागू करने की सटीक तिथि पहले सूचित नहीं की जा सकी थी क्योंकि परीक्षण पूरा करने की अनंतिम तिथि का पता लगाया जा रहा था।

5. परीक्षण की स्थिति की समीक्षा की गई है और परीक्षण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, प्राधिकरण ने 8 नवंबर, 2019 की अधिसूचना के द्वारा दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (सातवां संशोधन) विनियम, 2018 को लागू करने की तिथि को 11 नवंबर, 2019 से बढ़ाकर 16 दिसंबर, 2019 किया गया है और इस प्रकार वांछित परीक्षणों की पुनः पुष्टि के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है।

6. स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री एस. टी. अब्बास, सलाहकार (नेटवर्क स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से टेलीफोन नंबर +91-11-23210481 फैक्स नंबरः+91-11-23232677 पर संपर्क किया जा सकता है।

(यू. के. श्रीवास्तव)

सचिव (आई/सी)/भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।